सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 28.06.2024

अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा आत्महत्या के लिये उकसाने वाले 01 वाँछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **थाना भरथना पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 26.05.2024 को वादी महेश चन्द्र पुत्र नाथूराम निवासी गिरधारीपुरा थाना भरथना जनपद इटावा द्वारा थाना भरथना पर सूचना दी गयी कि वादी की पुत्री के साथ उसका पति व अन्य मारपीट कर प्रताड़ित किया गया जिससे उसकी पुत्री द्वारा क्षुब्ध होकर दिनांक 18.05.2024 को जहरीला पदार्थ खा लिया एवं उसकी मृत्यु हो गयी। **सूचना पर तत्काल थाना भरथना पर मु0अ0सं0 116/2024 धारा 306 भादवि बनाम 06 नामजद पंजीकृत किया गया।**

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वारंटी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 28.06.2024 को थाना भरथना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर **मु0अ0सं0 116/2024 धारा 306 भादवि से संबंधित अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र गिरीशचन्द्र को पागल बाबा मन्दिर के पास बने नाथ भट्टा के पास से समय 09.05 बजे गिरफ्तार किया गया।**

गिरफ्तार अभियुक्त-

01.अनिल कुमार पुत्र गिरीशचन्द्र निवासी ग्राम विरौधी थाना भरथना जनपद इटावा **उम्र करीब 28 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 116/2024 धारा 306 भादवि थाना भरथना जनपद इटावा।

पुलिस टीम- निरीक्षक श्री देवेन्द्र कुमार सिंह प्रभारी थाना भरथना, उ0नि0 सुरेश कुमार, का0 देवेन्द्र सिंह, का0 सोनवीर सिंह।